## संपादकीय

# आसमानी कहर

अजीब विडंबना है कि जिस मानसून के इंतजार में हम पलक-पावड़े बिछाये बैठे थे, उसके आते ही हमें उसकी तल्खी से दो-चार होना पड़ा है। अब चाहे हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के निकट बादल फटने की घटना के बाद जन-धन की व्यापक क्षति की बात हो या फिर एक ही दिन में बड़ी संख्या में बिजली गिरने से हुई मौतें हों। बहरहाल, हम इसके लिये सीधे प्रकृति को दोषी नहीं ठहरा सकते। यूं तो पहले भी अतिवृष्टि से तबाही की खबरें आती थीं। हर साल निचले इलाकों में बाढ़ आने और भू-स्खलन की खबरें भी आती थीं। लेकिन इधर उसकी मारक क्षमता में तेजी देखी जा रही है। हमें पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के मिजाज में आई तल्खी के रूप में इस आपदा को देखना चाहिए। राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की चर्चा तो खूब होती है लेकिन जमीनी स्तर पर हम जनता को इस बाबत जागरूक नहीं कर पाये हैं। निस्संदेह कुदरत की अपनी चाल है, जो समय के हिसाब से ही गतिशील रहती है, लेकिन जब इसके व्यवहार में अतिरेक नजर आता है और जन-धन की हानि होती है तो वह दुखद ही है। मानसून के मौसम में सदियों से बारिश होती आई है, लेकिन बीते सोमवार को हिमाचल में बादल फटने के बाद करोड़ों की संपत्ति नष्ट होना, कुछ की मौत और कुछ का लापता होना दुखद ही है। कहीं न कहीं ये तबाही हमारे विकास के अनियंत्रित मॉडल पर सवाल उठाती है। पहाड़ हमारी अराजक विलासिता का साधन नहीं है। हमने ऊंची-ऊंची मंजिलें बनाकर पानी के प्राकृतिक प्रवाह के रास्ते में बाधा खड़ी कर दी है। जल निकासी के रास्तों पर इमारतें खड़ी कर दी हैं। ऐसे में जब असामान्य बारिश होती है तो घरों व सड़कों को रौंदते हुए पानी अपना ठिकाना तलाशता है, जिसकी कीमत हमें जन-धन की हानि के रूप में चुकानी पड़ती है।

कमोबेश ऐसी ही स्थिति बिजली गिरने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि से भी पैदा हुई है। सोमवार को जयपुर के आमेर किले की बुर्ज में बिजली गिरने से ग्यारह लोगों की मौत और बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने की घटना ने हर किसी को दुखी किया। ऐसा भी नहीं है कि बिजली गिरने की घटनाएं पहले नहीं होती थीं। लेकिन एक दिन में राजस्थान, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में बिजली गिरने से अस्सी के करीब लोगों की मौत विचलित करती है। कुदरती विधान है कि आसमानी बिजली को ऊंची जगह आकर्षित करती है। यही वजह है कि बरसात में बिजली के ऊंचाई वाले स्थानों व पेड़ों पर गिरने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। दरअसल, हम कोई ऐसा तंत्र भी विकसित नहीं कर पाये हैं जो बिजली गिरने की पूर्व में भविष्यवाणी कर सके। फिर भी आसमान में होने वाली गड़गड़ाहट व शरीर के रोएं खड़े होने को संकेत माना जा सकता है। फिर भी इस बाबत लोगों को जागरूक तो किया जा सकता है। पूर्व अध्ययनों के आधार पर कहा जाता है कि बरसाती मौसम में मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए तथा छाते में लगी धातु के बिजली के वाहक होने के कारण इसका प्रयोग नहीं करना चाहिए। लेकिन हम ऐसी सलाहों को गंभीरता से नहीं लेते। बताते हैं कि जयपुर के आमेर किले में जिस मीनार पर यह हादसा हुआ, लोग उसे सेल्फी प्वाइंट के रूप में इस्तेमाल करते हैं। गरजते आकाश व कड़कती बिजली के बीच लगभग तीस लोग मोबाइल से सेल्फी ले रहे थे। कहा जा रहा है कि मोबाइल की तरंगों ने ऊंचाई वाले स्थान पर आकाशीय बिजली को आकर्षित किया जो इस हादसे की वजह बना। दरअसल, आसमानी बिजली से बचाव के लिये पूर्व अध्ययनों के आधार पर जो सलाह दी जाती है, उसका हम पालन नहीं करते। बारिश के बीच हम पेड़ों के नीचे खड़ा होने में खुद को सुरक्षित मान लेते हैं। इसी तरह हमें खराब मौसम में विद्युत की सुचालक यानी धातु आदि के संपर्क में खड़े होने से बचना चाहिए।

# वेस्ट इंडीज से चौथा टी-20 मुकाबला जीत कर क्लीन स्वीप होने से बचा ऑस्ट्रेलिया

**सेंट लूसिया।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ चौथा टी-20 मुकाबला जीत कर खुद को क्लीन स्वीप होने से बचा लिया। कांटे के इस मुकाबले में आस्ट्रेलिया की चार रन से जीत के बाद यह सीरीज अब 3-1 पर खड़ी है, हालांकि वेस्ट इंडीज पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुका है। ऑल राउंडर मिचेल मार्श ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो रहे, जिन्होंने न केवल बल्लेबाजी में, बल्कि गेंदबाजी में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, जिसके जवाब में वेस्ट इंडीज छह विकेट खोकर 185 रन बना पाया। एक समय ऐसा था, जब ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की लग रही थी, लेकिन वेस्ट इंडीज के बल्लेबाजों ने मैच को अंत तक ले गए, लेकिन जीत हासिल नहीं हुई।

मैथ्यू वेड के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया कप्तान आरोन फिंच और मिचेल मार्श ने दूसरे विकेट के लिए 114 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। फिंच ने जहां पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 गेंदों पर 53, वहीं मार्श ने चार चौकों और छह छक्कों के सहारे 44 गेंदों पर 75 रन की आतिशी पारी खेली, जिसकी बदौलत टीम 189 रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर पाई।

वेस्ट इंडीज की बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी बल्लेबाजी की। सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमंस और एविन लुईस ने क्रमशः 10 चौकों और दो छक्कों की बदौलत 48 गेंदों पर 72 और चार चौकों और दो छक्कों के सहारे 14 गेंदों पर 31 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने बल्लेबाज क्रिस गेल, आंद्रे फ्लेचर और निकोलस पूरन के हाथ बांधे रखे और फिर तीनों के विकेट चटकाए। इसके बाद आंद्रे रसल और फेबियन एलेन ने विस्फोटक अंदाज दिखाया। रसल ने तीन छक्कों की मदद से 13 गेंदों पर 24, जबकि एलेन ने दो चौकों और तीन छक्कों के सहारे 14 गेंदों पर 29 रन बनाए।

वेस्टइंडीज की तरफ से हेडन वाल्श ने सर्वाधिक तीन और ओशेन थॉमस, आंद्रे रसल और फेबियन एलेन ने एक-एक विकेट लिया।

## एचडीएफसी बैंक को मिला 'भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी अवार्ड्स फॉर एक्सिलेंस 2021 में लगातार तीसरे वर्ष 'भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' चुना गया है। ''एचडीएफसी बैंक ने दशकों से शानदार वृद्धि करते हुए बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है और क्रेडिट के मामले में कभी गलत कदम नहीं उठाया। इन कौशलों की महामारी के दौरान कड़ी परीक्षा हुई, जिसकी भारत में अनेक लहर चलीं और सबसे खराब स्थिति मई में देखने को मिली।'' ग्लोबल फाईनेंशल पब्लिशिंग उद्योग में अपनी तरह का यह प्रथम अवार्ड 1992 में शुरू किया गया। ये अवार्ड बाजार अंश एवं कस्टमर सैटिस्फैक्शन के आंकड़ों की वर्षभर चलने वाली मॉनिटरिंग पर आधारित हैं, जिन्हें उद्योग में यूरोमनी के अग्रणी सर्वे द्वारा संकलित किया जाता है।

## जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को जारी हुए 75 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** सरकार ने राज्यों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति की भरपाई के लिए 75000 करोड़ रुपए जारी किए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि, क्षतिपूर्ति राशि बैक टू बैक ऋण के माध्यम से पूरी की गई है। मंत्रालय ने कहा कि इस ऋण का असर भारत सरकार पर नहीं पड़ेगा क्योंकि यह राज्यों के लिए लिया गया है।





मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप यह राशि जुटाई गई है और राज्यों को दिया गया है परिषद में 1.59 लाख करोड़ रुपए केंद्र सरकार द्वारा उधारी लेकर राज्यों को देने का निर्णय लिया था।

मंत्रालय के अनुसार इसी व्यवस्था के तहत पिछले वित्त वर्ष में भी राज्यों को 1.10 लाख करोड़ रुपए जारी किए गए थे।

## गूगल आपको पिछले 15 मिनट की सर्च हिस्ट्री को तुरंत देगा हटाने

**नई दिल्ली ।** गूगल अपने सर्च में एक नया फीचर ला रहा है, जिससे यूजर्स मोबाइल पर आखिरी 15 मिनट की ब्राउजिंग हिस्ट्री को तुरंत डिलीट कर सकेंगे। यह सुविधा आईओएस के लिए गूगल ऐप में उपलब्ध है और इस साल के अंत में एंड्रॉइड गूगल ऐप पर आ रही है। उपकरण अभी तक डेस्कटॉप उपयोगकताओं के लिए उपलब्ध नहीं है।





वर्तमान में, ऑटो-डिलीट नियंत्रणों के साथ, कोई भी व्यक्ति गूगल को स्वचालित रूप से चुन सकता है और तीन, 18 या 36 महीनों के बाद आपके अकाउंट से अन्य वेब और ऐप गतिविधि के साथ-साथ आपकी सर्च हिस्ट्री को लगातार हटा सकता है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, नए अकाउंट के लिए, वेब और ऐप गतिविधि के लिए डिफॉल्ट ऑटो-डिलीट विकल्प 18 महीने है, लेकिन कोई भी हमेशा सेटिंग अपडेट करना चुन सकता है।

गूगल ने कहा कि जब आप साइन इन होते हैं, तो अब आप मेरी गतिविधि के लिए अतिरिक्त सत्यापन की आवश्यकता चुन सकते हैं।

कंपनी ने सूचित किया इस सेटिंग के साथ, आपको अतिरिक्त जानकारी देनी होगी, जैसे आपका पासवर्ड या दो-कारक प्रमाणीकरण - इससे पहले कि आपकी पूरी हिस्ट्री देखा जा सके।

गूगल ने कहा कि अगर यह पता चलता है कि इनमें से किसी भी पासवर्ड से छेड़छाड़ की गई है और क्या आपने उन्हें कई साइटों पर दोबारा उपयोग किया है, तो यह उपयोगकताओं को सूचित करेगा।

कंपनी ने कहा, आपके डेटा को निजी और सुरक्षित रखने के अलावा, जब आप ब्राउज कर रहे हों और वेब पर जानकारी खोज रहे हों, तो हम आपको सुरक्षित रखने के लिए भी काम करते हैं।

जब लोग खतरनाक साइटों पर नेविगेट करने या खतरनाक फाइलों को डाउनलोड करने का प्रयास करते हैं, तो गूगल सुरक्षित ब्राउज़िंग हर दिन चार अरब से अधिक उपकरणों को सुरक्षित रखने में मदद करता है।

## अनुराग ठाकुर ने टोक्यो जाने वाले भारतीय दल के लिए आधिकारिक चीयर सॉन्ग किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक वर्चुअल कार्यक्रम में टोक्यो जाने वाले भारतीय दल के लिए आधिकारिक चीयर सॉन्ग (उत्साह बढ़ाने वाला गीत) को लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक, भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र ध्रुव बत्रा, भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के सीईओ कमांडर राजगोपालन भी मौजूद रहे। 'हिंदुस्तानी वे' शीर्षक वाले गीत को युवा पॉप गायक अनन्या बिड़ला ने गाया है और इसे अनुभवी भारतीय संगीतकार एआर रहमान ने संगीतबद्ध किया है। ठाकुर ने कठिन समय में एक साथ आने और पूरे जोश के साथ इस चीयर सांग को बनाने के लिए कलाकारों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं ए आर रहमान और अनन्या बिड़ला को इस पहल के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने पूरे जोश और लगन के साथ इस गाने को कंपोज किया है, कोविड-19 के संकट के समय भी इस गाने को बनाने में उन्होंने काफी मेहनत की है।यह गाना हमने टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने के लिए बनाया है। मैं उन सभी का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। ठाकुर ने कहा मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि इस गीत को अधिक से अधिक शेयर करें।

## डेब्यू के समय ही राधिका मदान को मिली सर्जरी की सलाह

बॉलिवुड में अक्सर चर्चा होती है कि ऐक्टर्स अपने लुक्स के लिए कई बार सर्जरी का सहारा लेते हैं। कुछ ऐक्टर्स इस बात को स्वीकार करते हैं कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी का सहारा लिया है जबकि कुछ इससे इनकार करते हैं। कुछ ऐक्टर्स ऐसे भी होते हैं जिन्हें कई बार कॉस्मेटिक सर्जरी का सहारा लेने की सलाह फिल्ममेकर्स देते रहते हैं मगर वे उससे इनकार कर देते हैं। हाल में ऐक्ट्रेस राधिका मदान ने अपना एक ऐसा ही एक्सपीरियंस शेयर किया है।



राधिका मदान टीवी से फिल्मों में आई थीं। ऐसे में वह अलग-अलग फिल्मों के लिए ऑडिशंस दे रही थीं। राधिका ने कहा, 'मुझसे कहा गया कि मुझे एक खास शेप और साइज में होना चाहिए और इसके लिए मुझे सर्जरी की जरूरत है।'

राधिका को लगता था कि वह काफी खूबसूरत हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे तो मैं बहुत सही लगती हूं। कौन हैं ये लोग कहने वाले कि मैं खूबसूरत नहीं हूं। अगले 1.5 साल तक मुझे कोई काम नहीं मिलता। ऐसे में खुद पर शक होने लगता है। मगर मुझे पता था सफर कठिन होगा इसलिए मैं ऑडिशंस को इंजॉय करने की पूरी कोशिश करने लगी। जल्द ही मुझे अपनी पहली फिल्म मिल गई।'

राधिका ने बताया कि एक समय ऐसा भी आया कि उन्हें अपने किरदार के लिए एक ही महीने के भीतर 12 किलो वजन बढ़ाना था और फिर इसे कम भी करना था। राधिका ने इसके लिए काफी मेहनत की। ऐसी ही मेहनत उन्हें फिल्म 'मर्द को दर्द नहीं होता' के लिए ऐक्शन सीन्स फिल्माने में भी की थी।

राधिका मदान ने केवल 17 साल की उम्र में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने अपना ऐक्टिंग करियर टीवी सीरियल 'मेरी आशिकी तुमसे ही' से शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने डांस रीऐलिटी शो झलक दिखला जा में काम किया था।

## आज का राशिफल

मेष :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में मंदी देखने को मिल सकती है। कोई ऐसी योजना बनाएंगे, जिससे भविष्य में अच्छा मुनाफा कमाने की संभावना रहेगी।

वृषभ :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा रहेगा, लेकिन कार्यभार की अधिकता रहने से मन अशांत हो सकता है।

मिथुन :- आज का दिन सामान्य रहेगा। धन प्राप्ति के नए मार्ग खुलेंगे। मेहनत करने वालों को सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार अच्छा रहेगा।

कर्क :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। कठिन परिश्रम करने के बावजूद अपने लिए समय निकाल पाएंगे और परिवार वालों के साथ समय बिता सकेंगे।

सिंह :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य विस्तार के लिए नई योजना शुरू कर सकते हैं। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कन्या :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कोराबार में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। मन में उत्साह रहेगा और आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

तुला :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। आकस्मिक धनप्राप्ति के योग रहेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

वृश्चिक :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। आर्थिक मामलों में ध्यान देंगे और सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यक्ति गत कार्यों में सफल होंगे और कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। बेरोजगारों को नौकरी के अवसर मिलेंगे।


मकर :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बनेंगी और उनमें सफलता भी मिलेगी।

कुम्भ :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च की अधिकता रहेगी।

मीन :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्य में विस्तार की योजना बनाएंगे। कार्यभार की अधिकता रह सकती है।

## सलमान को टक्कर देने के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं इमरान हाशमी

सलमान खान की फिल्म टाइगर की तीसरी इंस्टॉलमेंट को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. फिल्म के दोनों इंस्टॉलमेंट्स 'एक था टाइगर' और 'टाइगर जिंदा है' को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. इस बार तीसरी इंस्टॉलमेंट में सलमान के अलावा कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी लीड रोल में हैं. सलमान और कैटरीना तो पहले भी साथ काम कर चुके हैं, लेकिन पहली बार सलमान और इमरान काम करने वाले हैं. फिल्म में सलमान वहीं इंडियन स्पाई का किरदार निभाएंगे वहीं इमरान उनके दुश्मन का किरदार निभाएंगे और इसी वजह से फैंस दोनों की टक्कर देखने के लिए एक्साइटेड हैं.



इमरान अपने किरदार के लिए और सलमान को टक्कर देने के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं. इसी बीच इमरान ने अपनी एक फोटो शेयर की है जो उनके ट्रेनिंग के दौरान की है. इस दौरान इमरान के जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखकर आप भी अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे. इमरान ने मास्क पहना हुआ है और वह अपना रिप्पड बॉडी फ्लॉन्ट कर रहे हैं. फोटो शेयर करते हुए इमरान ने लिखा, सिर्फ शुरुआत हुई है. फैंस इमरान के इस पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं, टाइगर 3 में आपको देखने के लिए एक्साइटेड, तो किसी ने लिखा, टाइगर वर्सेस टाइगर. किसी ने लिखा, टाइगर 3 के लिए तगड़ी मेहनत. वहीं एक ने लिखा, सलमान और आपको साथ में देखने के लिए एक्साइटेड. इमरान ने सलमान के साथ काम करने को लेकर कहा था, 'सलमान के साथ काम करने में काफी मजा आएगा.

## सान्या मल्होत्रा फिर करेंगी राजकुमार राव के साथ एक्टिंग, 'हिट' के हिंदी रीमेक का ऐलान

आमिर खान की फिल्म दंगल से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर चुकीं सान्या मल्होत्रा के लिए ये खबर किसी खुशखबरी से कम नहीं है. वो एक बार फिर राजकुमार राव के साथ काम करने जा रही हैं. इस फिल्म में वो उनकी हीरोइन होंगी. इससे पहले उन्होंने फिल्म लूडो में उनके साथ काम किया था लेकिन फिल्म में इस जोड़ी को ऑनस्क्रीन नहीं दिखाया गया था.

सान्या मल्होत्रा ने आज ऐलान किया कि वह चर्चित तेलुगु फिल्म 'हिट' के हिंदी रीमेक में राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी. वर्ष



2020 में आयी 'हिट' एक पुलिसकर्मी की कहानी है जो एक लापता महिला की तलाश में निकलता है. मल्होत्रा ने कहा कि उन्होंने मूल तेलुगु फिल्म देखी है और इसकी कहानी बहुत दिलचस्प थी.

## पुदीने के साथ बनाएं मूंग दाल

मूंग दाल कई सारे न्यूट्रिशन से भरपूर होता है तो अगर आप डाइट कॉन्शियस हैं तो बस इसकी दो कटोरी मात्रा लेकर आप ज्यादातर न्यूट्रिशन की पूर्ति कर सकते हैं। जानें रेसिपी।



### सामग्री :

1/2 कप पीली मूंग दाल (छिलके वाली), 1/2 टीस्पून लाल चिली पाउडर, 1/4 टीस्पून हल्दी पाउडर, 1/4 टीस्पून जीरा, चुटकी हींग, 1 टेबलस्पून घी, 2 टेबलस्पून पुदीना कटे हुए, पानी आवश्यकतानुसार, नमक स्वादानुसार

### विधि :

पुदीना मूंग दाल बनाने के लिए कुकर में 1 कप पानी, हल्दी पाउडर और दाल डालकर दाल को तीन से चार सीटी आने तक पका लें। अब दाल को कुकर से निकाल कर उसमें और 1 कप पानी डालकर धीमी आंच पर उबालें। जब तक दाल पक रही है तब तक तड़के की तैयारी कर लें।

तड़का पैन में घी या तेल गरम करें। फिर उसमें जीरा और चुटकी भर हींग डालें। अब इसमें पुदीना पत्ती डालकर थोड़ी देर फ्राई करें। इसके बाद लाल मिर्च पाउडर। मिर्च डालने के तुरंत बाद तड़के को दाल में डाल दें और ढककर दो से तीन मिनट तक और पकने दें। तैयार है पुदीना मूंग दाल, जिसे रोटी या चावल किसी के साथ ही सर्व कर सकते हैं।


## शब्द सामर्थ्य- 142

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 141 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 142

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.141का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |